CAREERINDIA

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-2
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-2 : 2024-25

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : First Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 06-H** **Subject Code : 06-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು ] [ Time : 3 Hours 15 Minutes

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

www.careerindia.com

[ Turn over

CAREERINDIA



**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए।** **6 × 1 = 6**

1. 'विश्वास' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) विश्वसनीय (B) श्वास

   (C) विषैली (D) अविश्वास

2. 'बहु' शब्द का बहुवचन रूप है –

   (A) बहु (B) बहुआएँ

   (C) बहुएँ (D) बहुयें

3. निम्नलिखित में से 'गायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) गायित्री (B) नायिकी

   (C) गायिका (D) गायकी

4. निम्नलिखित में से 'श्रीगणेश करना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) पूजा करना (B) समाप्त करना

   (C) भाग जाना (D) आरंभ करना

5. निम्नलिखित में से 'लड़का' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है –

   (A) लड़की (B) लड़कपन

   (C) लड़कापन (D) लड़के

6. 'बुराई' शब्द में प्रत्यय है –

   (A) आई (B) राई

   (C) बुरा (D) बु

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।** **4 × 1 = 4**

7. जो चिकित्सा करता है : चिकित्सक :: जो पढ़ा लिखा न हो : ............ ।

8. अत्यधिक : यण् संधि :: दिगंबर : ............................ ।

9. पंजाब : द्विगु समास :: धर्मरक्षा : .................. ।

10. मैंने पत्र लिखा : कर्तृवाच्य :: मुझसे पत्र लिखा गया : ................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. सत्-चित्-आनंद कौन है ?

12. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ?

13. लेखक का स्वागत करने के लिए स्टेशन पर कौन आये थे ?

14. कुत्ते के बारे में रवीन्द्र जी ने क्या कहा था ?

15. मज़हब क्या नहीं सिखाता ?

16. सबसे पहले कौन मारा गया ?

17. हेलेन केलर प्रकृति को किन चीज़ों को छूकर पहचान लेती थीं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्य में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. पानी पीने के संबंध में कौन-कौन से नियम बनाये गये हैं ?

19. अंबालाल जी ने मन्नूजी की तारीफ कैसे की ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



20. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था ?

21. रैदास का नाम रविदास क्यों रखा गया था ?

22. सबसे पहले गोली किसे लगी और क्यों ?

23. रवीन्द्र जी ने श्रीनिकेतन में रहने का निर्णय क्यों लिया था ?

24. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?

25. मानव किन–किन का शिकार बना है ?

26. परिश्रम करनेवाले क्या–क्या कर सकते हैं ?

27. ज्योतिषी ने नेपोलियन से क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए।** **2 × 3 = 6**

28. जैनेंद्र ।

29. कबीर ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

30. जे न मित्र दुख होहिं दुखारी ।

तिनहिं बिलोकत पातक भारी ।।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

31. तनिक सति जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 × 3 = 12**

32. 'मनुष्य मेरा गुलाम है । मैं उसे हज़ार नाच नचा सकता हूँ, नचा चुका हूँ, नचा रहा हूँ ।'

33. 'अरे आज तो इकतीस है । आज तो ले ले ।'

34. 'जनाब, अब भी शक की कोई गुंजाइश बाकी है ?'

35. मैंने धूप से कहा : मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार ?

चिड़िया से कहा : थोड़ी मिठास उधार दोगी ?

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** **3 × 3 = 9**

36. पैरों में कील के चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ चुप क्यों थे ?

37. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या–स्थान कैसे बना है ?

38. आधुनिक संदर्भ में लोकगीतों का क्या महत्व है ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।** **4**

39. जग में ......................................................................

..............................................................................

..............................................................................

.................................................................... गले लगाना ।

**अथवा**

www.careerindia.com

CAREERINDIA



पैदा कर ......................................................................

..............................................................................

..............................................................................

............................................................... स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए।** **2 × 4 = 8**

41. गाँधीजी के जन्म के समय की परिस्थितियों का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी द्वारा चलाए गये आंदोलनों में सत्याग्रह का महत्व समझाइए ।

42. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव जी ने क्या–क्या किया ? स्पष्ट कीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2 × 2 = 4**

43. 'नेताजी' के नाम से प्रसिद्ध देशभक्त सुभाष जी सन् 1919 में जब एम.ए. कर रहे थे, तभी इंग्लैंड जाकर उन्होंने इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा पास की । अब उनके सामने प्रश्न खड़ा हुआ कि अंग्रेज़ सरकार का सेवक बनकर पैसा–पद, सम्मान प्राप्त करें या भारत माता का सेवक बनकर आज़ादी की लड़ाई लड़ें ? प्रसिद्ध देशभक्त चित्तरंजन दास से उन्होंने सलाह मांगी । चित्तरंजन दास ने लिखा कि भारत की आज़ादी के लिए काम करनेवालों की कमी है, काफी काम करना है । सिविल सर्विस का मोह त्याग कर, इंग्लैंड छोड़कर सुभाषचंद्र सन् 1929 में मुंबई आ गए ।

**प्रश्न :**

a) इंग्लैंड से लौटने पर नेताजी के सामने कैसे प्रश्न खड़े हुए ?

b) चित्तरंजन दास जी ने नेताजी को क्या सुझाव दिया ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए।** **5**

44. बड़ी बहन की शादी में भाग लेने हेतु चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की जानकारी देते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 × 5 = 5**

45. i) आदर्श विद्यार्थी ।

ii) नागरिकों के मूल कर्तव्य ।

www.careerindia.com